उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–8726/26 दिनांक 25/11/2026

ई–मेल माध्यम

सेवा में,

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,
समस्त आवेदित नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र)
(ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषय–स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में आपको अवगत कराना है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या–1045/26 दिनांक 28.01.2026 एवं 2119/26 दिनांक 28.02.2026 के क्रम में आप द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए दिनांक 11.03.2026 से 31.08.2026 के मध्य किये गये ऑनलाईन आवेदन के सापेक्ष एन0ओ0सी0 हेतु आपकी संस्था का स्थलीय निरीक्षण द्वितीय चक्र (Inspection Cycle) **दिनांक 26.11.2026 के उपरान्त** किसी भी कार्य दिवस (रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोडकर) में इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित मानकों पर कराया जाना प्रस्तावित है।

इस हेतु आप द्वारा ऑनलाईन आवेदन के समय पोर्टल पर आवेदित पाठ्यक्रम से संबंधित अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों को पूर्व से ही तैयार कराकर रखे एवं निरीक्षण के समय निरीक्षण दल को मूल रूप से अवलोकित कराने का कष्ट करें।

आप द्वारा स्थलीय निरीक्षण प्रक्रिया में निरीक्षकों को सहयोग दिया जाना अपेक्षित है। अन्यथा की दृष्टि में संस्थान के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी एवं इसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि निरीक्षण दल को पूर्ण सहयोग देते हुये आवेदित पाठ्यक्रमों हेतु स्थलीय निरीक्षण प्रक्रिया को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

यदि आप अपने संस्थान का स्थलीय निरीक्षण उक्त द्वितीय चक्र (Inspection Cycle) में नहीं कराना चाहते है तो **दिनांक 26.11.2026** तक अवश्य कार्यालय की **ई–मेल आई0डी0 collegeopening@upsmfac.org** पर ही सूचित करना सुनिश्चित करें। क्योंकि निरीक्षण दल के पहुँचने पर यदि आप द्वारा निरीक्षण नहीं कराया जाता है तो उसको एक निरीक्षण माना जायेगा। उल्लिखित ई–मेल आई0डी0 के अतिरिक्त कार्यालय की किसी अन्य ई–मेल आई0डी0 पर भेजी गयी सूचना मान्य नहीं होगी।

आप द्वारा किये गये आवेदन के संबंध में नवीनतम जानकारी हेतु कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org का अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या– दिनांक –

प्रतिलिपि–महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।